# बप्तिस्मा

**पुरोहित–** पिता पुत्र पवित्रात्मा की स्तुती हो।
**मंडली–** बलहीन और पापी हम दासों पर तेरि करुणा और कृपा दोनों लोकों में सदा रहें।

### प्रार्थना

हे परमेश्वर प्रभु! अग्नि और आत्मा से स्नान देने के लिए तेरे पवित्र शिष्यों को विश्वास पूर्वक तूने सौप, उस पवित्र पुरोहिताई सेवा केलिऐ भी लायक बनावे! हे प्रभु इस समय बप्तिस्मा और पुनजन्म केलिए तेरे सम्मुख आए हुए इस दास/दासी के आत्मा को हम पापीयों के प्रर्थना से रक्षा, कृपा और अनुग्रह प्राप्त होवें. अब और सदा सर्वदा ही। आमीन।

### स्तोत्र ग्रन्थ (बालक)

बालकों को तुम ईश्वर को दो, हालेलुय्या
ईश्वर की तुम महिमा गाओ।

तुम उस ईश्वर को महिमान्वित, हालेलुय्या
उच्च स्थान पर उसकी महिमा गओ।

ईश्वर की ध्वनि जल पर हैं, हालेलुय्या
हे परमेश्वर शक्तिशाली।

समुन्दर उसकी महिमा गाते, हालेलुय्या
परमेश्वर की स्तुति उन्नथ हैं।

### स्तोत्र ग्रन्थ (बालिका)

खडि महिमा में राज कुमारी, हालेलुय्या
और खडी वो दाहिनि ओर।

ओफ़िर स्वर्ण से अलंकृत तू, हालेलुय्या
राज वधू तू ध्यान से सुन।

राजा तुम पर मुग्धित हैं, हालेलुय्या
अपने घर परिवार को छोड।

सुर की पुत्री नमित कार, हालेलुय्या
वह है तेरा परमेश्वर।

दावूद ने अपने स्तोत्र ग्रन्द में इस प्रकार कहा– प्यासे लोगो प्रभु के पास आओ और शक्ति धारण करो। प्रभु स्नेह से विरमित आदम दुःखी होकर उसे पुकार और प्रभु ने उसे उत्तर दिया। आदम ने जब जरदन नदी में प्रस्तान किया तब पाप में गिरे आदम को उसने नया बनाया। प्रभु मुझे आशिष दे।
स्तुति पिता पुत्र पवित्रात्मा की– आदि से सदा सर्वदा ही

तेरी कृपा की छत्रछाया में हमेशा हमें बसावें। इस्राईओं को जैसे तूने परमेश्वर मेम्ना के रक्त से भयदूत से बचाया वैसे ही जीवन दायक और पवित्र बप्तिस्मा के कृपा से इससे शरण लेने वाले हमको तू रक्षा प्रदान करे क्योंकि इसके द्वारा दैवीक प्रकाश देने वाके पवित्र त्रित्व का हम दर्शन करते है।

**प्रार्थना**

स्वर्गीय सेनाओं के परमेश्वर प्रभु दिव्योपदेश स्वीकार करने वाले इस दास/दसी को तू अनुग्रहित करे और इस दुनिया के दुष्टताओं को समझने के लिए इस्कि आन्तरिक नयनों को तू प्रकाशित करे। मृत्यु दायक सभी कर्मों से यह विरमित होकर तुझे, तेरे पिता और तेरे पवित्रात्मा को वह स्तुति और आराधना करें।

**गीत (यूहानोन न्जेट्टी_______)**

यूहानोन चकित हुआ, यर्दान नदी भ्रमित हुआ,
सेराफ़ गाने लगे,जो बप्तिस्मा के लिये आया है,
वह प्रभु पवित्र, पवित्र , पवित्र है

*शांत जल के तट तक वह मुजे ले जाता हैं; और नीति वचन मुझे सुनाता हैं।*

जल का सृजक वो
जल और आत्मा से
दूतों को पवित्र करता , खुद आया यर्दान में

**बरेकमोर**
**पुरोहितः पिता पुत्र----**
**मंडलीः आदी से सदा-----**

पाप से कलंकित, आदम संतानों को
जल और आत्मा से,
नव्जीवन देने आया, ईश्वर संतान मसिहा वो।

**हम सावधान होकर खडे रहें**
**प्रभू हम पर करुणा करें**

**प्रार्थना (प्रवेशिका)**

हे परमेश्वर, तूने अपने पवित्र बप्तिस्मा से अपने भेटों केलिए इस पवित्र शुश्रूषा को प्रदान किया और उसे शुद्ध किया उस सत्य प्रकाश रूपि प्रभु को स्तुति। आपको बप्तिस्मा के इस शुश्रूषा के समय और सभि प्रहरों घडियों और जीवन के अन्त तक स्तुती और आराधना उचित है अब और सदा सर्वदा ही। आमीन

**प्रार्थना (सेद्रा)**

पापों की चिंता से हमें बचाने वाले और पवित्र आग्याओं का पालन करने के लिये हमें न्योता देने वाले और तेरे पेवित्र कलीसिया में प्रवेश देकर अपने दैविक स्नेह की और आकर्शित करके "स्नान से शुद्ध होकर हृदय से दुश्टताओं को हटाओ" एसे जीवनदायक शब्द में प्रख्यापन कर्ने वाले हमारे प्रभू मसिहा, इस दास/दासी को इसके रक्षा के लिये जीवो चिन्ह प्राप्त कर्ने के लिये तेरे सम्मुख आए हुए इस दास/दासी को अनुंग्रहीत करें। तेरे पवित्र विश्वासियों के संग में इन्हें भी शामिल करें. तेरे मुख का प्रकाश उन पर प्रकाशित करें और इसे तेरे पिता के पुत्र\पुत्री बनायें और नये जन्म के लायक भी बनावें। पुराने व्यक्तित्व को हटाकर कभी ना नष्ट होने वाले वस्त्र धारण कराएं आश्वास्दायक और शान्ति दायक जीवन में अच्छे और क्रिस्तीय अंत पाने, इसे सुरक्षा और पूर्ण प्रगती में पहुंचायें। हम और यह तेरे दास/दासी तुझे तेरे पिता और पवित्रात्मा की सदन्यवाध तेरी स्तुती कर्ते हैं, अब और सदा सर्वदा ही! अमेन

## गीत

रक्षा कर अपने क्रूस से
इस बप्तिस्मी शिशू का।

स्करिया पुत्र यूहन्ना ने,
इस बप्तिस्मा को दर्शाया,
मै दूं जाल से बप्तिस्मा,
देगा वो पवित्रात्मा से।

योर्दान नदी में खडा,
स्करिया पुत्र युहन्ना था,
बप्तिस्मा में पधारा,
अदृश्या महिमा शक्ती।

आया वो नदी किनारे,
युहन्ना से लिया बप्तिस्मा,
मेरा पुत्र यही हे,
बोल उठा स्वर्गीक पिता।

## प्रर्थना(एत्रो)

हे परमेश्वर पवित्र बप्तिस्मा के लिये तैयार होकर आने वले तेरे इस दास/दासी के लिये यह सुगंधित धूप तेरे करुणा के साम्ने अर्पित करते हैं। यह दास/दासी जीवन में तेरे चिन्ह से मुद्रांकित होते और तेरे भवन में भागी होने और तेरे पवित्र आन्याओं का पालन करें।
हम तेरे, तेरे.......

## सूम्मोरो

जल के लिये हिरणी तरसे जैसे
तरस रहा है मेरा मन भी तेरे लिये

**पौलूस के लेख में से सेवक पढता है।(रोमियों 5:20 - 6:4)**

## पेस्गोमो

पोंछ अपने सोपा से मुझे साफ़ करने के लिये
पाऊं मै बर्फ़ से भी ज्यादा सुन्दरता....

**सुसमाचार (संत लुका 3:15-16 , युहन्ना 3: 5-6)**

## मनीसो

हे प्रभू परमेश्वर मुझी अपने पपों से मुक्त कर और तू मुझे पाप क्षमा प्रधान कर। तू मुझे दुश्त संहारी जल से मुक्ती दे और उस जल के विलेपन से मुझे पाप मुक्ती प्रधान करें।

## रहस्य प्र्थाना

हे प्रभू तू जो प्रकाश देकर आत्माओं और शरीरों को प्रकाशित करने वाला है और जिसने बोला की अन्धकार से प्रकास उज्ज्वलित होगा। तूने रक्षा दायक जल से रक्षा किया और पवित्र तेल से पवित्र रहस्यों को प्रधान किया और हमारे प्रभू ईशू के पवित्र शरीर के द्वरा हमें मिला दिया।

हे प्रभू तुने यह तेरे दास को अन्धकार से प्रकाश की ओर अमंत्रित किया। तेरे जीवन दायक पुस्तक मे से इस तेरे दस क नाम भी जोडें। हम तेरी तेरे ...........

*हे प्रभू परमेश्वर तेरे इकलौते पुत्र ने अपने पवित्र शिष्यों के ऊपर श्वसित वह श्वास हे प्रभू तेरे इस दास पर भी दे।*

***आशीर्वाद( मुद्रंकण बिना तेल)*** *पिता पुत्र और जीवन्त पवित्रात्मा के नाम पर __________ नित्य जीवन के लिये मुद्रांकित किया जाता हैं।*

## रहस्य प्रर्थना

हे सर्वव्यापी प्रभू परमेश्वर, सभी दुरात्माओं से हमें विरमित कर्ने के लिये तुझे हम तेरे इकलौते पुत्र के द्वारा पुकार्ते हैं । तेरे समक्ष आए हुए इस आत्मा को तेरे पवित्रात्मा के अवास द्वारा पवित्रता से स्वीकार करें। प्रभू तू प्रत्यक्ष होकर तेरी क्रुपा और शक्ती से हमारे विश्वास प्रस्ताव को शक्ती प्रधान करें।

## प्रर्थना

प्रभू परमेश्वर तेरे नाम के मुद्रा द्वरा इस सृश्ती से सभी दुश्ठात्माओं क मैं बहिष्कार कर्ता हुं । अहंकारी शैतान को शासित करके तेरे इस दास को स्वतन्त्र करें । हे दुरात्मा आने वाले विधि दिवस से तू डर। प्रभू के सृश्ती के समक्ष ने और क्योंकी यह दुष्ठात्मा का निवास स्थान ना, बल्की यह परमेश्वर का पवित्रा आलय हैं। पवित्र त्रित्वा रूपी परमेश्वर से मै तुम्हें कसम देता हुं, हे दुरात्मा तू तुरंत इसमें से निकल जा।

यह प्रर्थना बोलकर स्थानार्थी पश्चिम की ओर खडे होकर शैतान को तीन बार त्याग्ता हैं

## विश्वास प्रस्ताव

*बप्तिस्मा लेने वाला () शैतान तुझे और तेरे सभी सेनाओं और दूतों को मैं विरमित करता हूं।*
*स्थानार्थी पूर्व की ओर यह प्रार्थना----*
*बप्तिस्मा लेने वाला () मैं प्रभू तुझे, संत नबियों, शिष्यों और पितरों द्वारा हमें सौंपे गये सभी उपदेशों में मै विश्वास रखता हुं।*

## विश्वास संहिता----------------

## रहस्य

हे प्रभू तेरे पवित्रात्मा को भेज कर शूण्यता से इसे निर्मित करके प्रेम से पवित्र बप्तिस्मा के लिये योग्य बनायें। संत शिश्यों की विश्वास पर अटल रहें। पवित्र कलीसिया में एक अच्छा शिविर बनावें। रहस्यों के अभिषेख के लिये आप्की पवित्रात्मा को उन पर बर्सावें। अपनी स्वर्गीय दानों से इन्हें भर दें।पापों से स्वतन्त्रता पाने के लिये इस दास के हुदय में ज्योती उज्ज्वल कर दें।

## (पुरोहित तेल से विलेप करते हुए)

पुनर्जन्म से पुत्र बनने के लिये हर्ष के तेल से पिता पुत्र पवित्रात्मा के नाम से नित्य जीवन के लिये () मुद्रांकित किया जता है। आमेन

**नोट:– बप्तिस्मा बेसिन खोलकर दयां दयां हाथ बयें के ऊपर रख ठंडा और गरम जल बराबर मिलाकर यह प्रार्थना बोलें}**

### प्रर्थना

परमेश्वर प्रभू हमारे प्रार्थना से इस जल को आत्मीय गर्भ और अनश्वर ढांचा बनावें और पवित्रात्मा की शक्ती इसे प्रदान करें।इस्में बप्तिस्मा इस दास को आप्के हितानुसार, आप्के इकलौते पुत्र के प्रेम और पवित्रात्मा के सम्बन्ध से यह अनश्वर आत्मिक ओढ्नी और पाप बन्धन से मोचन पाने की क्रुपा करें।

### गीत (कूकोयो)

सुनो सभी लोगों तुम – हालेलुय्या
युहन्ना ने दिया बप्तिस्मा, जल से वो दिया
जल तो सुध हुअ, जब क्रिस्त को डुबाया
    जल से जैसे ही तट पर आया वो
    महिमान्वित हुआ वो, आकाश पृथ्वी से
सूरज ने अपने किरणे उस्को समर्पित
प्रभू अपनि महिमा इस पर भी डालो
                हालेलुय्या उ हालेलुय्या

पुरोहित जब बप्तिस्म कुंड को खोल्ता है
आश्चर्यित स्वर्गीय गण इसको निहारते
    पित पुत्र पवित्रात्मा सब
    इसको शुद्धी और जीवन देते
पुत्र को जैसे दिया युहन्ना ने बप्तिस्मा
पवित्रात्मा तब उसपर आया था।
                हालेलुय्या उ हालेलुय्या

### रहस्य

हे प्रभू पाप की सभी मलीनताओं को दूर करने वाली सची और पवित्र इसना तूने हमें दी है। प्रभू हम पापियों की प्रर्थनाओं से तेरे इकलौते पुत्र, तेरे पवित्र शिश्यों के ऊपर फ़ूंका श्वास हमें भी दें।

### प्रर्थना

हे प्रभू तू रक्शा दाता निर्मल करने वाला और सभी आशिशोम को प्रधान करने वाला हैं। इसलिये हम तेरी तेरे इकलौते पुत्र और पवित्रात्मा––––
––––।

पु. हे प्रभू इस जल को तू निर्मल कर दे।
से. प्रभू हम पर करुणा करें।

### रहस्य

प्रभू मनव जाती को हानी पहुंचाने वाली उस महा सर्प के शीश को तेरे क्रूस के द्वारा नष्ट कर दे। सभी दुष्ठताओं को तू दूर कर दे। प्रभू हम तुझ्हसे प्रर्थना करते है, जल में दुष्ठ शक्तियां छिपी न रहें और बप्तिस्मा लेनेवाले तेरे दास के संग वह शक्ती इस जल में उतर ना पाएं।
दुष्ट शक्ती का व्यापार यह तेरे दास से दूर हो जाने के लिये तू क्रुपा करें।

### प्रर्थना

तेरे स्लीबा के द्वारा रक्षा प्राप्त किये हुए तेरे कलीसिया और तेरे भेडें जर्दान के पास खडे होकर तुझसे और तेरे द्वारा तेरे साथ तेरे पिता से दुखी होकर प्रार्थना करते हैं।

**मंडली**

सर्वशक्तिमान पिता परमेश्वर हम पर करुणा करें।

**पुरोहितः**

प्रभू बलहीन और पापितेरे दास हम तुझे धन्यवाद देते हुए तेरे सभी उपकार और तेरे दया के लिये हम तेरि स्तुति करते हैं।

**सेवक–**

प्रिय बन्धुओं––––––––()

**रहस्य**

सर्व शक्तिमान पिता परमेश्वर हम पर करुणा करें। तू जो स्वर्गिक जीवन्दाता प्रभू हैं, नबियों और तेरे पवित्र गणों द्वारा प्रघोशित किया गया, और सभी का पूर्तीकरण करने वाला सर्वव्यापी हैं। तू जिसे प्रेम करता है उस्पर तेरे हितकारक सेवक के रूप में नहीं बल्की अधिकारी के रूप में पवित्र करने वाला हैं, सभी आत्मिक दानों का झरना है: और वह तेरे सिम्हासन के समान हैं। तेर३ए इकलौते पुत्र जो की हमारे प्रभू और ईसा मसीह है।

**पुरोहितः**

प्रभू मुझे उत्तर दे(२)

प्रभू उत्तर दे और मुझ पर दया करके करुणा करें।

सर्वशक्तिमान प्रभू परमेश्वर इस जल को शक्तिदायक, उन्हास्दायक,आनन्द दायक  और तेरे इकलौते पुत्र के म्रुत्यू, पुनरुत्थान का दृश्टीकरण करने वाला, निर्मल करने वाला जल भी बना दें।
आमेन

*इस जल को आत्मा और शरीर्के शुद्धीकरण , बन्धनों से मुक्ती देने वाला, पापों को क्षमा करने वाला और आत्मा और शरीर को प्रकाशित करने वाला जल भी बनावें।*
*आमेन*

*इस जाल को पुनर्जीवन के लायक, तेरी संतान बनाअने के लायक, भ्छुश्त रहित वस्त्र और पवित्रात्मा में नवीकरण के लायक भी बनावें।*
*आमेन*

**पुरोहितः**

हे प्रभू समुद्र ने तुझे देखा और वह भ्रमित रह गया। हलेल्य्याह

**पुरोहितः**

येहोवा की वणी मेघों के ऊप४र सुनाई पडती हैं, प्रतापी ईश्वर गरजता हैं।हलेल्य्याह

**पुरोहितः**

पिता पुत्र पवित्रात्मा आदी से सदा सर्वदा ही– आमेन

**प्रर्थना**

इस बप्तिस्मा जल से पुराणा मनुश्य नया बन्कर नवीकरण प्राप्त करने के लिये पिता पुत्र और पवित्रात्मा के नाम पर पवित्रा मूरोण इस जल में मिलाया जाता हैं।

**रहस्य**

तेरे पवित्रात्मा को कपोत के रूप में भेज्कर जर्दान नदी को पवित्र करने वाले परमेश्वर प्रभू , बप्तिस्मा स्वीकार करने वाले इस तेरे दास को पूर्ण करके क्षमा प्रदान करने वाले इस बप्तिस्मा द्वारा इसे निर्मल कर्के तेरे मसीह के सम्बन्ध में बनाये रखें।

**प्रर्थना**

यह तेरे दास इससे नवीकरण प्राप्त करके श्रेष्ट बनें, तेरे कृपा में भरकर तेरे दिव्या आग्याओं का पालन भी करें अब और सदा__________ आमेन

**पुरोहित–** शांती तुम सबको
**मंडली–** आप्की आत्मा को भी

**पुरोहित–** नित्या जीवन के लिये जीवन्त पिता()के नाम पर
नित्या जीवन के लिये जीवन्त पुत्र()के नाम पर
नित्या जीवन के लिये जीवन्त पवित्रात्मा()के नाम पर यह जल पवित्र बप्तिस्मा और पुनर्जन्म के लायक बनने के लिये अनुंग्रहीत किया जाता हैं।

जीवन और पाप्मोचन के प्रत्याशा में नित्य जीवन के लिये पिता के नाम पर () पुत्र के नाम पर() जीवन्त पवित्रात्मा के नाम पर(____) बप्तिस्मा स्वीकार करता है।

**गीत(मामोदीसयिन नीराल–––)**

बप्तिस्मा के जल से ही
आत्मा में जीवन लिया
इस शिशू को भी अपने
में स्वीकृत कर कलीसिया।

त्रीत्व के नाम से ही तुम
जल से जीवन लिये हो
बाप्तिस्मा के मेमने तुम
को स्वागत, स्वागत तुमको।

आशीष उस पर बर्सावे
तुम पर रहे उसकी करुणा
आज से इस कलीसिया में
अंकित हो तुम भी प्यारे।

**पुरोहितः** हे प्रभू बप्तिस्मा में विश्वास द्वरा तेरे सेनओं के गण में शामिल इस तेरे दास , इस पवित्रा मुद्रा को तेरे नाम पर प्राप्त करें। इस पवित्र मूरोण तेल से यह तेरा दास सभी अदभुद सुगंधों से भर जायें।अबसे ये तेरे दास या दसी शैतानी शक्तियों से ना डरें किंतू तेरी तेजस में वो चलें और प्रकाशित होकर तेरी सन्निधी में पहुंचें।

**नोटः–** पुरोहित पवित्र तेल से स्नानार्थी के शीर्ष पर तीन बार लेपन करता हैं।
**पुरोहितः** मसीहा के सुगंध , नित्या विश्वास के चिन्ह और पवित्रात्मा के अभिषेक पूर्ण करने वाले मूरोण से नित्या जीवन के लिये
पिता के नाम पर– आमेन पुत्र के नाम पर–आमेन
पवित्रात्मा के नाम पर मुद्रांकित किया जाता हैं।

**नोटः–** सनानार्थी के पूरे शरीर पर मूरोन का लेपन किया जाता हैं।

**गीत (दैवम चोन्नान, आहरोने.......)**

प्रभुवर कहते आहरोन को लेपो
पावन करने, पावन शुद्ध तेल से
लेपन करते इस बप्तिस्मि शिशू को
पावन करने, पावन शुद्ध तेल से।

अभिशिक्त करते बप्तिस्मा में
इसको पवित्रात्मा से
दया कर इसपर और इस मेमने को
पावन कर दे इस पावन तेल से

**नोट:–** स्नानार्थी को प्रार्थना से मुकुट पहनाया जाता हैं। और उसे मधबहा में प्रवेश कराया जाता हैं।

## प्रर्थना

पिता पुत्र पवित्रात्मा रूपी परमेश्वर प्रभू इस तेरे दास को प्रभा और महत्व के मुकुट धरण कराएं और इसका जीवन तेरे हित के अनुसार और आपके पवित्र नाम के महत्व के लिये बन जाएं।

## मुकुट हटाने की प्रर्थना

हे प्रभू तेरे पवित्रा कलीसिया में तेरे इकलौते पुत्र के भाई/बहन के रूप में पूर्णतः प्राप्त किये इस तेरे दास को जीवन दायक तेरे विवेचन शक्ती द्वारा सर्वोच्छ कर्मों में इनका मर्ग दर्शन करें। उचित अंत प्राप्त करने के लिये जो मुकुत संभाला गया हैं, वह तेरे दास स्वर्ग्राज्य में प्राप्त करें। इस मुकुट के हत्टाने पर तेरे स्वर्गीय आश्वासन इससे नष्त न हो और यह तेरा दास आप्से शक्ती और उन्नती प्राप्त करके तुझे,तेरेइकलौते पुत्र और तेरे समान तेरे पवित्रात्मा की सधन्यवाध स्तुति करें अब और सदा सर्वदा ही ॥

**गीत (परुदीसयिल आदाम....)**

सुरलोक मे आदम ने चखा ना जो फ़ल
तेरे जिह्वे पर रखते हैं।

बप्तिस्मी शिशू आन्नंद से तू जा
तेरी रक्षा दिव्य स्लीबा करे

पीता स्तुति तुझको, स्तुति पुत्र को भी
पवित्रात्मा कि भी महिम गाते हैं।

## आशिर्वाद

पिता परमेश्वर तेरे संग रहें, वंदनीय पुत्र तेरि संरक्षण करें, तुझमें निवास किया हुआ पवित्रात्मा सभी अनीतियों और दुश्तात्माओं से बचायें। बप्तिस्मा जो तूने ग्रहण किया है वह सदा तुझमें निवास करें। प्रभू ईशू मसिहा से प्राप्त परिहार प्रव बप्तिस्मा से तूने प्राप्त किये हुए पवित्र मूरोण से मै तुम्हें पवित्र त्रित्व की कृपा और करुणा पर सौंप देता हुं, सहांती से जाओ॥